

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 12 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी गुरूवार 07 सितंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## श्री राम कथा आयोजन हेतु ध्वजा स्थापना 07 सितंबर को पालीटेर्क्निक मैदान मे

सिवनी :- सिवनी की पावन धरा पर विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा नगर के पालीटेर्क्निक मैदान पर आयोजित श्रीराम कथा हेतु बुधवार 07 सितंबर 2023 को सनातन धर्म परंपरा अनुसार शास्त्रीय विधान से ध्वजा स्थापना विद्वान आचार्यो के मार्गदर्शन में की जावेगी। आगामी 09 सितंबर से भव्य श्रीराम कथा का पुण्य कार्यक्रम आरंभ होने के पूर्व 07 सितंबर को प्रातः 11:00 बजे ध्वजा स्थापना कार्यक्रम प्रारंभ होकर सनातन धर्म संस्कृति अनुसार पूर्ण विधि विधान से अभिजीत मुहूर्त रोहिणी नक्षत्र मे ठीक प्रातः 11:30 बजे पावन ध्वजा स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं, श्रद्धालुगणों, समस्त जनमानस से ध्वजा स्थापना के पुनीत कार्यक्रम मे प्रातः 11:00 बजे उपस्थिति का आग्रह किया गया है। ज्ञात हो कि भगवान शिव की नगरी सिवनी की पावन धरा पर विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा आगामी 9 सितंबर से 17 सितंबर



2023 तक श्रीराम कथा का भव्य आयोजन नगर के पालीटेर्क्निक मैदान मे किया जा रहा है। जिसमे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी के सुंदर चरित्र से परिपूर्ण श्री रामकथा की अमृत बर्षा चित्रकूट तुलसी पीठाधीश्वर पद्मविभूषण जगद्गुरु श्री रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 03 बजे से संध्या 07 बजे तक प्रवाहित होगी।

जिले में विश्व प्रसिद्ध मानस मर्मज्ञ राम भद्राचार्य जी महाराज की कथा होना सौभाग्य का विषय है। रामभद्राचार्य जी महाराज आध्यात्मिक गुरु और जन्म से ही सूरदास हैं. ये शिक्षक भी हैं, संस्कृत के विद्वान भी हैं, दार्शनिक, लेखक, संगीतकार, गायक, नाटककार, बहुभाषाविद और 80 ग्रंथों के रचयिता भी हैं. हम बात कर रहे हैं धर्म चक्रवर्ती तुलसी पीठाधीश्वर और पद्मविभूषण से स मानित जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य जी स्वामी महाराज अपने असाधरण कार्यो के लिए जाने जाते हैं. उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानव कल्याण को समर्पित किया. नेत्रहीन होते हुए भी उन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि से कई भविष्यवाणियां की जिनमें कई सत्य हुई. इन्हें 22 भाषाओं का ज्ञान है और 80 ग्रंथों की रचना कर चुके हैं. साथ ही ये विश्व का पहला विकलांग विश्वविदयालय भी चला रहे हैं।

ऐसे मानस मर्मज्ञ विद्वान कथाकार के मुखारविंद से रामकथा का पवित्र प्रवाह होने जा रहा है ऐसे सौभाग्यशाली क्षणों में सहभागिता हमारे लिये पुण्य प्रदान करने वाला होगा।

# कांग्रेस की मुहब्बत की दुकान नफरत फैला रही है - आलोक

### विपक्षी गठबंधन के उदयनिधि स्टालिन ने कहा सनातन को समाप्त करेंगे : भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने की निंदा कहा कांग्रेस हिन्दुत्व की विरोधी



सिवनी यशो:- विपक्षी गठबंधन इंडिया (I.N.D.I.A) की दो सबसे बड़ी पार्टियों डीएमके और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बेटे सनातन धर्म को ख़त्म करने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस की कथित मुहब्बत की दुकान में सनातन धर्म के लिये कोई जगह नहीं है और राहुल गांधी की इस मुहब्बत की दुकान में सनातन धर्म के प्रति घृणा का जो भाव है उसकी अभिव्यक्ति तमिलनायडू के मु यमंत्री के बेटे उदयनिधि स्टालिन जैसे नेताओं के माध्यम से हो रही है जो सनातन धर्म को खत्म करने की कसमे खा रहे है। स्टालिन जैसे सनातन विरोधी नेताओं और कांग्रेस की सनातन विरोधी मानसिकता को भारत की जतना पहचानती है उनके मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। उक्ताशय की बात भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने तमिलनायडू के मंत्री एवं विपक्षी गठबंधन के नेता उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को समाप्त करने वाले बयान की निंदा करते हुये प्रेस को जारी विज्ञाप्ति के माध्यम से कही।

भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी के माध्यम से जारी विज्ञप्ति में श्री दुबे ने कहा कि राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान की बात करते थे` या आपकी मोहब्बत की दुकान में सनातन धर्म के खिलाफ, हिंदुत्व के खिलाफ इतनी घृणा भरी है? इतना जहर भरा हुआ है। गठनबंधन के माध्यम से नफरत जहर फैलाने के लिये कांग्रेस पूरे देश में सक्रिय हो गयी है। सनातन धर्म के खिलाफ बोलकर विपक्षी गठनबंधन देश का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहा है। साहस है तो किसी दूसरे के खिलाफ के बोले सनातनी सहिष्णु होते है इसलिये कुछ भी बोल दिया जाता है अन्य किसी धर्म के खिलाफ स्टालिन के बोला होता तो अभी तक सिर कलम हो जाता है।

श्री दुबे ने कहा कि यूनान-ओ-मिस्र-ओ-रूमा, सब मिट गए जहाँ से। अब तक मगर है बाक़ी, नाम-ओ-निशाँ हमारा। सनातन था, है और रहेगा। सनातन को समाप्त करने के लिए कई लोग आए। दुनिया की कई ताकते आई। शक, हूण, मुगल आए, लेकिन सनातन को कोई खत्म नहीं कर पाया। उदयनिधि स्टालिन जैसे लोगो की औकात नहीं कि वे सनातन को खत्म कर सके।

श्री दुबे ने कहा कि ये सनातन धर्म है। जो वसुधैव कुटुंबकम् का उद्घोष करता है। ये सनातन धर्म है जो केवल इंसान में ही नहीं प्राणियों में सद्भावना की बात करता है। जो केवल अपनी ही नहीं विश्व के कल्याण की कामना करता है। इसे खत्म करने की सोचने वाले समाप्त हो जायेगे परंतु सनातन धर्म को कोई समाप्त नहीं कर सकता। श्री दुबे ने कहा कि जहाँ भारतीय जनता पार्टी भारतीय संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण के लिये लगातार प्रयास कर रही है और सनातन धर्म के आधारभूत सिद्धांतो के माध्यम से भारत को परम वैभव पर ले जाने के प्रयास कर रही है वहीं विपक्षी गठनबंधन भारत के नेताओं द्वारा सनातन धर्म के विरोध के माध्यम से सत्ता की राह तलाशी जा रही है जो देश के बहुसं यक हिन्दु समाज के लिये हितकर नहीं है।

## बरघाट क्षेत्र में कमल मर्सकोले का तूफानी जनसंपर्क प्रारंभ

### बड़ी सं या में युवाओं ने ली भाजपा की सदस्यता

सिवनी यशो:- बरघाट विधानसभा के लिये भाजपा ने अपना पूर्व विधायक कमल मर्सकोले को आगामी विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी घोषित कर दिया है। बरघाट से घोषित प्रत्याशी श्री मर्सकोले विधानसभा क्षेत्र में लगातारसमर्थको और भाजपा पदाधिकारियों के साथ जनसंपर्क कर रहे है। बुधवार को इसी क्रम में बरघाट विधानसभा के कुरई मंडल के शक्ति केंद्र-पीपरवानी में सम्मिलित ग्राम-पीपरवानी, जटामा, सिल्लारी, कुडवा, धोबीटोला, आगरी एवं परासपानी की आवश्यक संगठनात्मक बैठक ग्राम-जटामा में



ली और संगठनात्मक गतिविधियों की चर्चा कर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का आग्रह कार्यकर्त्ताओं से किया। इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रवीण दीक्षित ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की और जनकल्याण की योजनाओं के संबंध में चर्चा की तथा कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास के आधार पर हमें चुनाव जीतना है और कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों का पर्दाफास कर जनता से भाजपा के पक्ष में समर्थन जुटाना है।

कुरई मंडल क्षेत्र में बैठक में मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, सह संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, शोसल मीडिया प्रभारी, हितग्राही प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, बूथ महामंत्री, बी.एल.ए, पन्ना प्रमुख, वरिष्ठजन एवं कार्यकर्ता बंधुओं के साथ सहभागिता कर अपने विचार व्यक्त किया!

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर अनेक साथियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर भाजपा को प्रचंड मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया!

## जिलास्तरीय रोजगार मेला 12 सित बर को स्मृति लॉन में

सिवनी यशो:- जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय सिवनी के संयु ?त तत्वाधान में मंगलवार 12 सित ?बर 23 को स्?थानीय स्?मृति लॉन बाहुबली चौक सिवनी में जिलास्तरीय रोजगार मेलें का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में देश एवं प्रदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनी के नियोजको द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एँ सकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

## नेशनल लोक अदालत 9 सित बर को

सिवनी यशो:- राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री राजीव एम.आप्टे के मार्गदर्शन में जिलास्तर एवं तहसील स्तर पर शनिवार 09 सित बर 2023 को वर्ष की तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

नेशनल लोक अदालत में आपराधिक, फौजदारी, विद्युत अधिनियम एवं मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरणों के अतिरिक्त परिवार न्यायालय में भरण-पोषण, दत्तक, विवाह विच्छेद, दा पत्य संबंधों की



पुर्नस्थापना, भरण-पोषण की वसूली आदि से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किये जाने के लिए जिला न्यायालय सिवनी, तहसील न्यायालय लखनादौन / घंसौर/ केवलारी हेतु 20 खण्डपीठों का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में शासन की ओर से जलकर, बी.एस.एन.एल., भवन कर, विद्युत आदि से संबंधित प्रकरणों में विशेष छूट भी दी जाती है। नैशनल लोक अदालत में बैंकों की रिकवरी से संबंधित प्रकरणों का भी प्रीलिटिगेशन स्तर पर निराकरण किया जायेगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी विकास शर्मा ने 09 सित बर 2023 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की है।

## हर्षोल्लास से मनायी गयी जन्माष्टमी



सिवनी यशो:- सरस्वती शिशु/उ.मा.विद्यालय भैरोगंज सिवनी में जन्माष्टमी उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। आयोजन में प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर विभाग की बहनों ने राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में भाग लेकर अत्यंत सुंदर मनमोहक झांकियाँ प्रस्तुत की। बहिनों ने सुंदर झाकियों के साथ - साथ कृष्ण भक्ति के मधुर गीतो पर सुंदर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय व्यवस्थापक नितिन चौधरी एवं प्राचार्य ओमप्रकाश यादव के साथ समस्त दीदीयाँ भी रही। समस्त आयोजन की रूपरेखा एवं संचालन सौ. सुधा दुबे, सौ. मनीषा तिवारी, सौ. कीर्ति ठाकुर, सुश्री शीतल साहू, सौ. रजनी प्रजापति ने की।

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम तैयारियों की अपर कले टर ने की समीक्षा

सिवनी यशो:- रविवार 10 सित बर को प्रस्तावित राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बैंच एवं भ्रमण की तैयारियों को लेकर अपर कले टर सुश्री सुनीता खण्डायत द्वारा संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि बाल संरक्षण आयोग की बैंच एवं प्रस्तावित भ्रमण का ग्रामवार एवं वार्डवार मुनादी कराकर प्रचार-प्रसार किया जाए तथा स्कूल-कॉलेज, आंगनवाड़ी आदि में बैनर पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार हो।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा 10 सित बर 2023 को प्रातः 9:00 बजे से जिला पंचायत सभा कक्ष जिला सिवनी में बाल अधिकारों के उल्लंघन संबंधी शिकायतों के निराकण हेतु आयोग की बेंच/कै प का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में 18 वर्ष से कम की आयु के बच्चों के संबंध में नि न प्रकार की शिकायते प्राप्त कर उनकी शिकायत का निराकरण किया जायेगा। जो नि नानुसार हैं- बाल श्रम संबंधी शिकायते, दिव्यांग बच्चों से संबंधी शिकायते, बाल भिक्षावृत्ति, बाल शोषण, बाल व्यापार, बाल मृत्यु, गुमशुदा बच्चें, बाल अपहरण, बाल हत्या, बाल आत्महत्या, बाल अधिकारों का हनन संबंधी शिकायतें, बाल देखरेख संस्थाएँ, छात्रावास संबंधी शिकायतें, बाल शिक्षा, शैक्षणिक संस्थानों से संबंधित शिकायतें, बाल यौन शोषण, बाल विवाह, आई.टी. ऐ ट 2000, साइबर से टी से संबंधित शिकायतें, बाल स्वास्थ्य देखरेख, बाल कल्याण एवं बाल विकास से संबंधित शिकायतें, बाल मनोविज्ञान से संबंधित शिकायतें, बच्चों के संबंध में असुरक्षित परिवार एवं अतिसंवेदनशील बच्चों से संबंधित शिकायतों का निराकरण किया जाएगा।

## 'हेपेटाईटिस नियंत्रण के लिए सीएचओ को दिया गया प्रशिक्षण''

सिवनी यशो:- राष्ट्रीय वायरल हेपेटाईटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आज 06 सित बार को जीएनएम ट्रेनिंग प्रशिक्षण केंद्र जिला चिकित्सा लय परिसर सिवनी में विकासखंड के सी.एच.ओ. को एचआईवी, सिफलिस तथा हेपेटाईटिस बी स्क्रीनिंग का प्रशिक्षण दिया गया।

उक्त प्रशिक्षण में पैथॉलाजिस्ट डॉ. मानसिंह कुमरे द्वारा हेपेटाइटिस एवं सिफलिस की जांच एवं उपचार के बारे में विस्तार से समझाईश दी गई तथा लैब टे नीशियन संतोष डहेरिया द्वारा रैपिड कार्ड टेस्ट से जांच किये जाने का प्रशिक्षण दिया गया।

उक्त प्रशिक्षण में मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर, जिला स्वास्थ एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. वंदना कमलेश, डीपीएचएनओ एम.एन.जोसफ, उपजिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी शांति डहरवाल, एएनएम कुसुम चन्द्रवंशी तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पारिवारिक विवाद समाधान केन्द्र योजना से 10 द पत्तियों का बसा घर

सिवनी यशो:- मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजीव एम. आपटे के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी सचिव श्री विकास शर्मा द्वारा जिले में पारिवारिक विवाद समाधान केन्द्र योजना अंतर्गत वैवाहिक विवादों का निपटारा किया जा रहा है। योजना अंतर्गत कार्यवाही करते हुये सचिव श्री विकास शर्मा ने 10 पारिवारिक विवादों का निराकरण किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र में द पत्तियों द्वारा आवेदन दिये गये थे कि उनके बीच में घरेलू वैवाहिक विवाद चल रहे हैं जिस कारण पति-पत्नि अलग-अलग निवासरत हैं। परिवार परामर्श केन्द्र से इन आवेदनों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी में भेजे जाने पर प्राधिकरण दावा द पत्तियों से बुलाया गया और उनके घरेलू वैवाहिक विवादों पर सुनवाई की गई। सचिव श्री विकास शर्मा द्वारा इन दोनों पक्षों को समझाईश दी गई और मतभेद भुलाकर साथ रहने को कहा गया। द पत्तियों ने भविष्य में साथ रहने का आश्वासन दिया।

### जबरन नॉलेज




## थाने में आरक्षक पर चाकू से प्राणघातक हमले के आरोपीगण दोषमुक्त

### सभी आरोपियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र शर्मा ने की पैरवी

सिवनी यशो:- छपारा थाना के आरक्षक पर चाकू से प्राणघातक हमला करने के मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश लखनादौन जिला सिवनी द्वारा 02 आरोपियो को दोषमुक्त किया गया है।



अभियोजन का मामला इस प्रकार है दिनांक 01/07/2017 की रात्रि लगभग 11.30 बजे प्रार्थी आरक्षक रामनरेश को आरोपीगण नीरज ठाकुर एवं अमित भारद्वाज ने थाने के अंदर अश्लील गालियां देते हुए प्रार्थी आरक्षक को चाकू से जान से मारने की नीयत से उस पर प्राणघातक हमला किया तथा उसके बाल पकड़कर नीचे गिरा दिया जिसकी रिपोर्ट आरक्षक रामनरेश द्वारा थाना छपारा जिला सिवनी में दर्ज कराई। पुलिस ने विवेचना के दौरान आरोपीगण से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं सेंट्रो कार जप्त कर आरोपीगणों को गिर तार कर अन्य विवेचना उपरांत थाना छपारा की पुलिस द्वारा आरोपीगणों के विरुद्ध धारा 307, 353, 186, 34, भादवी एवं 25 आर्म्स ऐ ट का अभियोग पत्र लखनादौन के संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया गया

श्रीमान प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश लखनादौन के न्यायालय में प्रकरण का विचरण किया गया अभियोजन साक्षियों के साक्ष्य एवं दोनों पक्षो के तर्कों को उपरांत माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश लखनादौन द्वारा बचाव पक्ष के अधिवक्ता वरिष्ठ वीरेंद्र शर्मा के तर्कों एवं प्रस्तुत न्यायद्रष्टान्तों से सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपीगणों को प्राणघातक हमले की धारा 307, 353, 186, 34, भादवी एवं 25 आर्म्स ऐ ट के आरोप से नीरज ठाकुर छपारा एवं अमित भारद्वाज निवासी छिंदवाड़ा को दोषमुक्त किया गया

## भारत जोड़ो यात्रा के एक वर्ष पूर्ण, कांग्रेस निकाली पदयात्रा आज

सिवनी यशो:- अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव राहुल गांधी जी द्वारा निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा के एक वर्ष पूरा होने पर जिला कांग्रेस द्वारा नगर में पद यात्रा निकाला जायेगी। यह पद यात्रा 7 सित बर 2023, दिन गुरूवार को शाम 5 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन से प्रारंभ होगी, जो कि कचहरी चैक, गणेश चैक, शुक्रवारी, नेहरू रोड़ होते हुऐ नगरपालिका पंहुचेगी, नगरपालिका के सामने सभा का आयोजन किया गया है। इस यात्रा में अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव मध्यप्रदेश के प्रभारी श्री संजय कपूर, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जिले के प्रभारी चैधरी गंभीर सिंह जी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने बताया कि जिला कांग्रेस सेवादल अपने पूर्ण गणवेश में यात्रा के सामने चलेंगे, साथ ही युवक कांग्रेस, एन.एस.यु.आई, महिला कांग्रेस, कांग्रेस के सभी मोर्चा संगठन विभाग, मंडलम, से टर, बीएलए एवं कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी, कांग्रेस जन पद यात्रा में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

# मध्य प्रदेश में फिर सक्रिय हुआ मानसून, जबलपुर-रीवा समेत 20 जिलों में बारिश का अलर्ट



भोपाल। मध्य प्रदेश में मानसून के लंबे ब्रेक के बाद फिर से तेज बारिश का दौर शुरु हो गया है, जिसका असर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में देखने को मिल रहा है. पिछले 48 घंटे में प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की जा चुकी है. राजधानी भोपाल में सुबह तेज धूप के बाद शाम होते-होते बारिश का दौर शुरु हो गया, जो कि काफी देर तक चला. वहीं नरसिंहपुर में करीब 1.61 इंच बारिश दर्ज की गई.

मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले 24 घंटे के लिए कई जिलों में अति भारी बारिश का अनुमान जताया है, जिसमें बालाघाट, हरदा और बुरहानपुर जैसे जिले शामिल है. इसके साथ ही करीब 20 जिलों में भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इसके पीछे की मु य वजह उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी से चक्रवाती घेरा और नि न दाब क्षेत्र के सक्रिय होना है.

**20 जिलों में बारिश का अलर्ट**

प्रदेश में मानसून सक्रिय होने से 20 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है. प्रदेश में लगातार रिमझिम बौछारें का दौर जारी है. नर्मदापुरम, बालाघाट, हरदा और बुरहानपुर में कहीं-कहीं भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट है, जबकि भोपाल, इंदौर, सीधी, सिंगरौली, अनूपपुर, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, निवाड़ी, टीकमगढ़, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, दतिया, विदिशा, राजगढ़, खरगोन, बड़वानी, धार, देवास, शाजापुर और आगर-मालवा जिले में हल्की बारिश की आशंका है. जबलपुर, सतना, रीवा, शहडोल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, रायसेन, सीहोर, बैतूल और खंडवा जिले में मध्यम से भारी बारिश की उ मीद है.

**बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र**

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इसके पीछे की मु य वजह उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी से चक्रवाती घेरा और नि न दाब क्षेत्र के सक्रिय होना है. बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने के कारण 10 से 12 सितंबर के आसपास बंगाल की खाड़ी से एक और सिस्टम ऐं टव होगा. इस सिस्टम से पूरे प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश जारी रहेगी. प्रदेश में 18 से 20 सितंबर तक बारिश की ऐं टविटी रहेगी. बता दें प्रदेश में अब तक सामान्य से 19 फीसदी कम बारिश हुई है.

# विद्यार्थियों को माता-पिता और राष्ट्र की सेवा का संस्कार दे शिक्षक - राज्यपाल मंगुभाई पटेल

**शिक्षा के गौरव की विरासत को पुनर्स्थापित करे, शिक्षक राज्य स्तरीय शिक्षक स मान समारोह में 14 शिक्षक स मानित**

भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि शिक्षक विद्यार्थियों को माता-पिता और राष्ट्र की सेवा के संस्कार दे। श्री पटेल ने कहा कि तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्व प्रसिद्ध विद्यापीठ, हमारी गौरवशाली धरोहर हैं। दुनिया भर के लोग शिक्षा प्राप्त करने भारत आते थे। उन्होंने शिक्षकों का आहवान किया कि वे भारतीय शिक्षा के प्राचीन गौरव की पुनर्स्थापना के लिए संकल्पित हों।




श्री पटेल प्रशासनिक एवम् प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में राज्य स्तरीय शिक्षक स मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह लोक शिक्षण संचालनालय और स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में हुआ। राज्य मंत्री स्कूल शिक्षा श्री इन्दर सिंह परमार और प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि यह शिक्षकों की महती जि मेदारी है कि राष्ट्र निर्माण के लिए सर्वस्व समर्पण के लिए तत्पर भावी पीढ़ी के निर्माण के लिए एकजुट होकर कार्य करें। शिक्षा और शिक्षण का स्वरूप ऐसा हो जो विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दे। सफलता की चकाचौंध में भी अपने माता-पिता, समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि प्राप्त स मान की गरिमा बनाये रखना स मानित शिक्षकों का दायित्व है। शिक्षक बच्चों को जो भी सिखाते हैं, उसे जीवन में उतारने के लिए प्रेरित करें। उन्हें अपने आचरण और व्यवहार से बच्चों को प्रेरित और प्रोत्साहित करें। उनमें सदाचार, व्यवहार एवं संस्कार के बीज रोपित करे। उन्हें बताये कि आचरण एवं व्यवहार जीवन में सफलता का आधार है। श्री पटेल ने कार्यक्रम के प्रार भ में सरस्वती वंदना की संगीतमय प्रस्तुति की सराहना की।

समारोह में राज्य मंत्री स्कूल शिक्षा श्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि गुरु एक श्रेष्ठ नागरिक का निर्माण करता है। गुरु पर परा भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण है। हमारी सांस्कृतिक मान्यताओं में शिक्षक का स्थान सर्वश्रेष्ठ है। शिक्षक समुदाय विद्यार्थी एवं समाज के लिए प्रेरणा-पुंज के रूप में काम करे। अपने कार्य व्यवहार से दूसरों को प्रेरित करें।

**राज्यपाल ने शिक्षकों को स मानित किया**

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने 14 शिक्षकों को शाल, श्रीफल, प्रशस्ति-पत्र और स मान निधि चेक प्रदान कर स मानित किया। प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल के 8 और हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के 6 शिक्षक स मानित हुए। राष्ट्रीय शिक्षक स मान 2022 से स मानित प्रदेश के 3 शिक्षकों और शैक्षिक संगोष्ठी में चयनित प्रथम 3 शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी स मान किया गया। आयुक्त स्कूल शिक्षा श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने आभार माना।

समारोह में अध्यक्ष पंतजलि संस्कृत संस्थान श्री भरत बैरागी, अध्यक्ष मध्य प्रदेश पाठ्य-पुस्तक निगम श्री शैलेन्द्र बरुआ, अध्यक्ष योग आयोग श्री वेद प्रकाश,संचालक राज्य शिक्षा केंद्र श्री धनराजू एस, उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल डॉ. रमा मिश्र, शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और स मानित शिक्षकों के परिजन उपस्थित थे।

# प्रदेश में सबसे अधिक आवास पूर्ण करने वाली पंचायत खरगोन जिले में

**प्रधानमंत्री आवास के साथ मिला स्व-रोजगार**

भोपाल। खरगोन जिले की महाराष्ट्र राज्य से लगी आकांक्षी जनपद पंचायत भगवानपुरा की धूलकोट पंचायत प्रदेश में सबसे अधिक सरकारी आवास बनाने वाली पंचायत बन गई है। जनजातीय बहुल धूलकोट पंचायत में 1667 आवास बनकर तैयार हो चुके हैं। कले टर श्री शिवराज सिंह वर्मा के प्रयासों से पीएम आवास का काम आकांक्षी जनपद में मिशन के रूप में किया गया है। इस वजह से धूलकोट पंचायत टॉप-50 रेंकिंग में सबसे ऊपर है।



जनजातीय बहुल क्षेत्र होने के कारण पंचायत क्षेत्र में कच्चे मकान ज्यादा थे। इस वजह से प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति पात्र हितग्राहियों को बड़ी सं या में जारी की गई। धूलकोट ने अनोखी डिजाइन के आवास के कारण अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। सरपंच श्री सालकराम किराड़े बताते हैं कि पक्की छत वाले मकान जनजातीय समुदाय के पूर्वजों की मान्यता अनुसार मान्य नहीं होते हैं। इस वजह से धूलकोट में तकरीबन 70 आवास ढाल वाली डिजाइन में बने हैं। ढाल के साथ छत पर कहीं-कहीं इंगलिश कवेलू और कहीं पर परागत कवेलू का उपयोग किया गया है। इससे घर की सुंदरता में चार चाँद लग जाते हैं।

पीएम आवास में स्व-रोजगार

प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभान्वित मोरसिंह हबजिया कनोजे बताते हैं कि 3 वर्ष पहले उनका घर बाँस से बना कच्चा मकान था। कच्चे मकान के आँधी-बारिश में हमेशा गिरने का डर बना रहता था। पीएम आवास की स्वीकृति मिलने पर आवास बनाने में उन्होंने स्वयं मजदूरी की। पहले वे दूसरे के खेतों में मजदूरी किया करते थे। अब पक्के मकान में किराना दुकान चला रहे हैं, जिससे अब उन्हें 200 रूपये प्रतिदिन की आय भी हो रही है। धूलकोट में ऐसे कई हितग्राही हैं, जिनके जीवन में बदलाव आया है।

# ट्रेनों में चोरी करने वाली महिला गैंग का पर्दाफाश, 12 आरोपी गिर तार

जीआरपी जबलपुर ने ट्रेन में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाली एक महिला गैंग का पर्दाफाश करते हुए गैंग में शामिल 12 महिलाओं को नरसिंहपुर जिले से गिर तार किया है। गैंग की सभी महिलाएं अलग अलग ट्रेनों में यात्रियों के बैग, पर्स से जेवरात और कैश चोरी करने का काम बड़ी ही सफाई से करती थी।



चोरी की रिपोर्ट पर पकड़ में आई महिलाओं से हुआ गैंग का खुलासा

दरअसल गाडरवारा स्टेशन से यात्रा करने वाली महिला यात्री कंचन पांडे के बैग से लाखों रुपए के जेवरात चोरी होने की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज हुई थी जिसके आधार पर जीआरपी ने टीम गठित कर मामले की जांच की तो कुछ महिलाओं को शक के आधार पर हिरासत में लिया गया।

महिला गैंग से 6 लाख से ज्यादा के जेवर और कैश बरामद

जीआरपी ने जब उनसे पूछताछ की तो कई अन्य चोरियों का भी खुलासा हुआ। गैंग की सभी महिलाएं नागपुर (महाराष्ट्र) की रहने वाली हैं। जीआरपी ने गैंग की महिलाओं के पास से 6 लाख रुपए के जेवरात और 12 हजार रुपए नगद बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि जल्दी ही 1 टीम नागपुर जाएगी जो महिला चोरों के साथियों से भी पूछताछ करेगी। रेलवे पुलिस का कहना है कि गिर त में आई महिलाओं के खिलाफ नरसिंहपुर और खंडवा में भी स्थाई वारंट लंबित हैं। सभी महिला आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद पूछताछ के लिए इनसे रिमांड लिया जाएगा।

# शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 68 लाख ठगे, आरोपी गिर तार

**पुलिस पकड़े गए आरोपी के बैंक खाते की जानकारी निकाली जा रही जिससे ठगी की रकम वसूली जस सके।**

इन्दौर। शेयर बाजार में कई गुना मुनाफा दिलाने का झांसा देकर निवेश के नाम पर एक फरियादी से 68 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला इंदौर क्राइम ब्रांच में दर्ज हुआ है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी के अनुसार फरियादी इंदौर का ही रहने वाला है। बता दें कि एडवाइजरी कंपनी के आरोपी ने रुपया दुगना करने का लालच देते हुए फरियादी को ठगा है फरियादी की शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिर तार भी किया है जिससे पूछताछ की जा रही है।

**यह हैं मामला**

फरियादी ने जानकारी देते हुए बताया कि शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा लाभ कमाने का बोलकर हमसे पैसा निवेश करवाया। पहले कुछ प्रॉफिट दिया, फिर बड़ा निवेश करवाकर फोन बंद कर लिए। क्राइम ब्रांच के पास एक-एक कर कई शिकायतें पहुंचीं। किसी से दो लाख तो किसी से 15 लाख रुपए जमा करवाए थे। पुलिस ने नंबर के आधार पर आरोपी का पता लगाया और फिर आरोपी को गिर तार कर लिया। पुलिस उसके बैंक खातों की जानकारी जुटा रही है, ताकि उनको फ्रीज किया जा सके। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी ने बताया कि जांच में पता चला कि आरोपी दो साल से ऑनलाइन एडवाइजरी कंपनी चला रहा था। पुलिस इस पूरे मामले में जाँच कर रही है।

# खेत में किसान को मिला वि टोरिया काल का खजाना, पुलिस ने किया जब्त, पुरातत्व विभाग करेगा जांच



नरसिंहपुर। जिले के लोकीपार गांव मैं एक किसान अपने खेत में गाय के लिए झोपड़ी बना रहा था। झोपड़ी बनाने के लिए किसान शैलेंद्र दुबे ने अपने ही खेत में गड्ढे खोद रहे थें। तभी उनको सिक्कों से भरा एक घड़ा जमीन के अंदर मिला।

**अंग्रेजी शासनकाल के हैं सभी सिक्के**

बताया गया है कि जो भी सिक्के खुदाई के दौरान मिले हैं वह अंग्रेजी शासनकाल के हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सिक्कों पर वि टोरिया के मुकुट के चिन्ह में भी अंकित हैं। सभी सिक्कें सन् 1904 के हैं। इन सिक्कों पर 1 रुपए लिखा हुआ है। सभी सिक्के चांदी के बताए गए हैं।

**पुरातत्व विभाग की टीम करेगी जांच**

बताया गया है कि अब इन सिक्कों की जांच पुरातत्व विभाग की टीम करेगी। फिलहाल पुलिस ने सभी सिक्कें अपने कब्जे में ले लिए हैं। पुरातत्व विभाग की टीम इसी जमीन पर अन्य खजाने दबे होने का भी जांच करेगी।

# " खेलो एमपी यूथ गे स" 2023

## विभिन्न चरणों में 12 से 28 सित बर तक होंगी खेल प्रतियोगिता

भोपाल। प्रदेश में खेलों के प्रति युवाओं को जागरूक करने, खेल को सर्व सुलभ बनाने, ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान और उन्हें खेलों की तकनीकी पद्धति से प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये प्रदेश में कई अभिनव पहल किये जा रहे है। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में पहली बार हुए खेलों इण्डिया यूथ गे स की सफलता के बाद घोषणा की थी कि ÷खेलो इण्डिया यूथ गे स÷ की तर्ज पर मध्यप्रदेश में ÷खेलो एमपी यूथ गे स÷ का आयोजन भी किया जाएगा। इस कड़ी में 12 से 28 सित बर तक प्रदेश में विभिन्न चरणों में खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी।

खेलो एमपी यूथ गे स का आयोजन प्रदेश के सभी 52 जिलों के 313 विकासखण्डों में किया जाएगा। यूथ गे स 4 चरणों, ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जाएगा। ब्लॉकस्तरीय चयन स्पर्धा 12 से 14 सितंबर के मध्य किया जाएगा। जिलास्तरीय प्रतियोगिता 16 से 18 सितंबर, संभागस्तरीय 20 से 23 सितंबर तथा राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 24 से 28 सितंबर तक किया जाएगा। राज्यस्तर पर प्रदेश के 8 संभाग भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, रीवा, सागर, उज्जैन एवं शहडोल की टीमें सहभागिता करेंगी। 24 खेलों में राज्यस्तरीय प्रतियोगिताएँ प्रदेश के 7 शहर भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, शिवपुरी, उज्जैन, रीवा एवं जबलपुर में किये जाएंगे।

जिला एवं संभाग स्तर पर प्रदेश में प्रचलित 18 खेल एथलेटि स, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, बॉ सिंग, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, मलख ब, तैराकी, वेटलि टंग, कुश्ती, टेबिल टेनिस, योगासन, वॉलीबॉल, टेनिस और शतरंज का आयोजन किया जाएगा।

राज्यस्तर पर 6 खेल ताइक्कांडो, फैंसिंग, रोइंग, ` याकिंग-कनोइंग, शूटिंग एवं आर्चरी जैसे खेलों का आयोजन किया जाएगा। राज्यस्तर पर एथलेटि स, शूटिंग प्रतियोगिताएँ स्पोर्टस कॉ पले स शिवपुरी में होंगी। भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में बॉ संग, ताक्कांडो, जूडो, फैंसिंग, टेनिस, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कुश्ती, शतरंज प्रतियोगिताएँ होंगी। भोपाल की बड़ी झील में क्याकिंग-कनोइंग और रोइंग तथा प्रकाश तरण पुष्कर में तैराकी प्रतियोगिता की जाएंगी। इंदौर के बॉस्केटबॉल का प्ले स में बास्केटबॉल और वेटलि टंग प्रतियोगिताएँ तथा एमरॉल्ड हाइट्स स्कूल में टेबल टेनिस के मुकाबले होंगे। ग्वालियर में मध्यप्रदेश बेडमिंटन अकादमी बेडमिंटन और मध्यप्रदेश महिला हॉकी अकादमी क पू ग्वालियर में हॉकी की प्रतियोगिताएँ होंगी। स्पोर्टस कॉ पले स उज्जैन में मलख ब और योगासन, जबलपुर के रानीताल स्पोर्टस कॉ प्ले स में खो-खो एवं तीरंदाजी तथा स्पोर्टस कॉ प्ले स रीवा में कबड्डी के मुकाबले खेले जाएंगे।

# चिंकारा के शिकारियों पर यों नहीं हुई कार्रवाई, वन विभाग के अधिकारियों से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने चिंकारा का शिकार कर उसके मीट का परिवहन करने वालों पर कार्रवाई न होने के मामले को स ती से लिया। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमठ और जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले में अनावेदक वन अधिकारियों से पूछा है कि अब मामले में प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई ` यों नहीं की गई।

यह जनहित याचिका टीकमगढ़ निवासी प्रकाश प्रजापति की ओर से दायर की गई है, जिसमें कहा गया कि आबकारी अधिकारियों ने 20 मई 2010 को सफेद बोलेरो गाड़ी से अवैध शराब और चिंकारा का चार किलो मीट जब्त किया था। उसके बाद आबकारी विभाग ने तत्काल उक्त मीट को टीकमगढ़ के वन अधिकारियों को सौंप दिया। उसके दूसरे दिन मीट को जांच के लिए वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट देहरादून भेज दिया। अगस्त 2010 में रिपोर्ट आई, जिसमें पाया गया कि उक्त मीट चिंकारा का था। इसके बाद आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। याचिकाकर्ता ने आरटीआई के तहत डीएफओ टीकमगढ़ से उक्त मामले की जानकारी मांगी, लेकिन उसे अधूरी जानकारी दी गई। आबकारी विभाग से दस्तावेजों सहित पूरी जानकारी लेकर पीसीसीएफ को पत्र भेजकर कार्रवाई किए जाने की राहत चाही गई, लेकिन उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई।

मामले में वन विभाग के एडीशनल चीफ सेक्रेटरी, प्रधान मु य वन संरक्षक भोपाल और वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ को पक्षकार बनाया गया है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने कहा है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मनीष वर्मा ने पक्ष रखा।

# राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2023 से स मानित हुए प्रदेश के पांच शिक्षक

**राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने प्रदान किया स मान**

भोपाल। प्रदेश के पांच शिक्षकों को आज शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2023 से स मानित किया गया। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में नर्मदापुरम की श्रीमती सारिका घारू, इंदौर की श्रीमती चेतना खंबेटे, भोपाल के डॉ. यशपाल सिंह, दतिया के श्री रविकांत मिश्रा और रतलाम की श्रीमती सीमा अग्निहोत्री को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया। समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान, शिक्षा राज्य मंत्री श्री सुभाष सरकार और श्रीमती अन्नपूर्णा देवी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में देश के कुल 75 शिक्षकों को स मानित किया गया।




नर्मदापुरम के पिपरिया स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती सारिका घारू ने जनजातीय छात्रों का नामांकन बढ़ाने के लिए अपनी कक्षा को मस्ती की पाठशाला बनाया। इनके परिश्रम से विद्यालय के जनजातीय छात्रों ने कई पुरस्कार प्राप्त किए हैं। इंदौर के केंद्रीय विद्यालय नंबर 2, बीएसएफ की शिक्षिका श्रीमती चेतना खंबेटे 18 वर्षों से रुचिकर तरीके से जीव विज्ञान का अध्यापन करा रहीं हैं। इन्होंने विज्ञान प्रयोगशाला के लिए 3-डी मॉडल और इंटरऐं टव शिक्षण सामग्री विकसित की हैं।

भोपाल के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के डॉ. यशपाल सिंह को सामाजिक बदलाव लाने और शिक्षण क्षेत्र के प्रयासों के लिए पुरस्कृत किया गया। छात्रों को ज्ञान देने के साथ उन्होंने पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों और बाल विवाह, दहेज जैसी कुरीतियों के विरुद्ध समाज में जागरूकता लाने का सराहनीय प्रयास किया है।

दतिया के बीकर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के श्री रविकांत मिश्रा को तकनीक के उपयोग से शिक्षा को सरल और रोमांचक बनाने के लिए पुरस्कृत किया गया। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर पढ़ाने, पीएम ई-विद्या राष्ट्रीय चैनलों पर सजीव कक्षा लेने और स्वास्थ्य जैसे महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता लाने जैसे कई कदम उठाए हैं।

रतलाम के सीएम राइज शासकीय विनोबा उच्चतर माध्यमिक शाला की श्रीमती सीमा अग्निहोत्री को सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से शिक्षण सामग्री को आनंददायक बनाने के लिए स मानित किया गया। शिक्षा को रुचिकर बनाने के लिए उन्होंने समुदाय को शामिल कर कहानी पढ़ने की प्रतियोगिता, समाचार पत्र लेखन, नाटक और नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की हैं।

# फर्जी पुलिस कमिश्नर भोपाल से गिर तार, थाना प्रभारियों को करता था फर्जी कॉल

इंदौर। जिले की क्राइम ब्रांच ने एक फर्जी पुलिस कमिश्नर को भोपाल से गिर तार किया। आरोपी ओम सोनी खुद को पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर बताकर थाना प्रभारियों को फर्जी कॉल करता था। उसने चदंन नगर थाना टीआई मनोज मिश्रा को कॉल करके थाने बुलाया था।



**पिज्जा शॉप का कर्मचारी निकला आरोपी**

ऐसा ही आदेश उसने बाकी थानों के प्रभारियों को भी दिया था। लेकिन जब कमिश्नर मकरंद देउस्कर थाने नहीं पहुंचे और आला अधिकारियों को फोन लगाया गया तब उन्हें उस फर्जी कॉल का पता चला। क्राइम ब्रांच की जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी भोपाल का रहने वाला है और पिज्जा की दुकान में काम करता है।

**छिंदवाड़ा का मूल निवासी है आरोपी**

पूछताछ में उसने बताया कि वो छिंदवाड़ा का मूल निवासी है। पुलिस सिस्टम कैसे काम करता है इसे उसने समझने के लिए उसने थाना प्रभारियों को फोन किया था। आरोपी 12वीं तक पढ़ा हुआ है। पूछताछ में बताया कि थाना प्रभारियों के मोबाइल नंबर उसने आनलाइन निकाले थे। इसके बाद फोन लगाना शुरू किया। आरोपित के मोबाइल में कई पुलिस अधिकारियों के नंबर भी मिले हैं। मामले में आरोपा से पूछताछ की जा रही है।

## छिंदवाड़ा में हो रही भागवत कथा में जाने हेतु निःशुल्क बस सेवा हुई प्रारंभ

सिवनी यशोः- भागवत को शाश्वत करने वाले तथा एक लोटा जल हर समस्या का हल के नारे को बुलंद करने वाले शिव भक्त भागवत आचार्य पंडित प्रदीप शास्त्री का नाम भक्तों के बीच परिचय का मोहताज नहीं है उनके सानिध्य में भागवत का आयोजन छिंदवाड़ा में हो रहा है जिसके लिए जय महाकाल ट्रेवल्स के संचालक तेजबली सिंह द्वारा इस आयोजन में शामिल होने के लिए प्रतिदिन निःशुल्क बस की व्यवस्था मठ मंदिर के सामने से प्रातः 11 बजे की गई है जो भी भक्त इस आयोजन में शामिल होना चाहते है वह मठ मंदिर पहुंचकर बस में अपना स्थान ग्रहण कर सकते है प्रतिदिन बस 11 बजे रवाना होगी तथा आने की व्यवस्था भी भक्तों के लिए की गई है अतः सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से इस आयोजन में शामिल होने का अनुरोध तेजबली ने किया है।

# शिक्षक दिवस पर बरघाट नगर परिषद द्वारा किया गया 500 शिक्षकों का स मान

## हर किसी के जीवन में एक गुरु या शिक्षक का होना बेहद आवश्यक है - अर्जुन सिंह काकोडिया



बरघाट यशोः- प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी 5 सितंबर को नगर परिषद अध्यक्ष इमरता साहू के नेतृत्व में सभी पार्षदों के सहयोग से तथा मु य नगर पालिका अधिकारी वेद प्रकाशपुरी गोस्वामी एवं सभी कर्मचारियों के अथक परिश्रम से बड़े ही मान-स मान एवं गौरवशाली तरीके से शिक्षक स मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक, अध्यक्ष, सभापति, पार्षदगण व उपस्थित जनों द्वारा सर्वप्रथम तो सभी गुरुजनों के चरण पखार कर सभी सेवानिवृत्त एव सेवारत गुरुजनों को मंच पर मंचासीन कर पुष्प मालाएं, गुलदस्ते, शाल, श्रीफल, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सभी गुरुजनों को स मानित किया गया। कार्यक्रम के शुरूवात में शिक्षकों द्वारा सरस्वती वंदना की गयी।

कार्यक्रम में आपने उद्बोधन में बरघाट विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया ने कहा कि शिक्षक का हमारे जीवन में अमूल्य योगदान है. शिक्षकों के बिना यह मानव जीवन सार्थक नहीं है. हर किसी के जीवन में एक गुरु या शिक्षक का होना बेहद आवश्यक है. इसलिए हम सभी को सदा शिक्षकों का मान-स मान करना चाहिए और उनकी बातों पर अमल करना चाहिए, वहीं नगर परिषद अध्यक्ष इमरता साहू ने कहा कि जिंदगी में यदि हम थोड़े भी सफल होते हैं, तो इसका श्रेय हमारे माता- पिता के बाद जिन्हें जाना चाहिए वो है हमारे शिक्षक. हम तो महज एक मिट्टी है, जबकि हमें किसी भी रूप में ढालने का काम कुमार रूपी शिक्षक करते हैं, कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी अपने उद्बोधन दिये, साथ ही शिक्षकों ने बरघाट नगर पारिषद के इस आयोजन की जमकर प्रशंसा की।

कार्यक्रम मे विशेष रूप से जिला शिक्षक कल्याण सहकारी समिति जिला अध्यक्ष दुर्गा शंकर श्रीवास्तव छिदी लाल श्रीवास राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक,एस. के. नेमा, रमेश श्रीवास्तव, अनिल शर्मा, विजय शु ला, अविनाश पाठक एव नगर के सभी वरिष्ठ सेवानिवृत्त गुरुजनों की गरिमामई उपस्थिति में बरघाट के आदर्शलान में स पन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष श्रीमती ममता अनिल पाठक, पार्षद एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती संध्या अनिल सिंह ठाकुर, पार्षद सभापति श्रीमती निधि ऋषभ जायसवाल, सभापति असंत उइके, सभापति अभिलाष गोलू मालवी, सभापति हेमंत रंहागडाले , मंडल अध्यक्ष विवेक बिसेन, सांसद प्रतिनिधि अनिल पाठक, देवेंद्र राहंगडाले, राम पटले, गौरव पवार, विधायक प्रतिनिधि राकेश जैन द्वारा सभी गुरूजनों का स मान किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन कुशल वक्ता संदीप (आशु) मिश्रा जी के द्वारा किया गया।

## नेशनल लोक अदालत में होगा विद्युत प्रकरणों का निराकरण

सिवनी यशोः- अधीक्षण अभियंता (सं./सं.) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि शनिवार 09 सित बर 23 प्रातः 10 बजे से शाम 4ः बजे तक को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय परिसर, सिवनी एवं न्यायालय परिसर, लखनादौन में रखा गया है। नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम- 2003 की धारा-126 एवं 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये नि नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू एवं 10 एच.पी. भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जावेगी। जिले के समस्त संबंधित नि नदाब उपभोक्ताओं से अपील है कि नेशनल लोक अदालत में दी जाने वाली छूट का लाभ उठाकर प्रकरणों का निराकरण करवायें एवं होने वाली विभागीय/न्यायालयीन कार्यवाही से बचें।

## नगरपालिका आवास शाखा से होगा ऋण प्रकरणों का निपटारा

मंडला। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण किए जाने के लिए नगरपालिका परिषद द्वारा इसे मिशन मोड में किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए नगरपालिका परिषद मंडला के आवास शाखा में ऋण प्रकरणों के निपटारे के लिए हितग्राहियों के प्रकरण निराकृत कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) ए.एच.पी. घटक योजना के तहत निर्माणाधीन आवास हेतु जिन हितग्राहियों के ऋण प्रकरण पंजाब नेशनल बैंक शाखा मण्डला को प्रेषित किये गये थे, वे समस्त हितग्राही नगरपालिका परिषद मण्डला के प्रधानमंत्री आवास शाखा में ऋण की अग्रिम कार्यवाही हेतु 3 दिवस के अन्दर संपर्क करें।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए 11 सितंबर तक कर सकेंगे आवेदन

सिवनी यशोः- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत दावा-आपत्ति के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। अब कोई भी नागरिक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए 11 सितंबर तक आवेदन कर सकता है। फोटो निर्वाचक नामावली के व्दितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लेने की प्रक्रिया 2 अगस्त से शुरू हुई थी। मतदाता सूची के व्दितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण -2023 के अंतर्गत 11 सितंबर तक दावा-आपत्ति के आवेदन लिए जाएंगे। प्रत्येक कार्य दिवस पर कार्यालयीन समय में सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित रहेंगे। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आए आवेदनों को प्राप्त करेंगे। जिन नागरिकों का नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है वे ऑनलाइन आवेदन कर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं, इसके लिए नागरिकों को voters.eci.gov.in अथवा Voter Helpline APP के माध्यम से आवेदन करना होगा। साथ ही जो नागरिक 1 अे टूबर 2023 की तारीख पर 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं वे अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए 11 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

## जिले में 963.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

सिवनी यशोः- भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून 23 से 05 सित बर 23 तक जिले में 963.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 05 सित बर तक विकासखंड सिवनी में 921.7 मि.मी, कुरई में 718.0 मि.मी., बरघाट में 959.0 मि.मी., केवलारी 875.4 मिमी, छपारा में 867.4 मि.मी, लखनादौन में 1375.0 मिमी, धनौरा में 991.7 मिमी एवं घंसौर में 998.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 7706.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 05 सित बर 23 को जिले में कुल 9888.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

## ड पर की चपेट में आने से युवक की मौत

सिवनी यशोः- तेज र तार ड पर की चपेट मे आने से एक युवक की जान चली गई तथा साथ मे बैठे युवक के बुरी तरह घायल होने की खबर सामने आई है दुर्घटना मे मृत युवक सिवनी जिले के ही करीबी गांव का बताया जा रहा है दुर्घटना इतनी ज्यादा वीभत्स थी युवक ने घटना स्थल मे ही दम तोड दिया और सिर का हिस्सा बुरी तरह ड पर की चपेट मे आने से चूरा हो चुका था।

**ड परो की र तार पर नही लग रही लगाम** = उल्लेखनीय है की सिवनी बालाघाट रोड मे ड परो की तेज र तार के चलते आये दिन भारी दुर्घटनाऐ घटित हो रही है और वाहन चालको की जान जा रही है रायल्टी बचाने के चक्कर मे रेत से भरे ड पर बसाहट वाले छेत्र से भी तेज गति मे ड पर का चालन कर रहे है इसके बावजूद ड परो की तेज र तार पर अंकुश लगाने का प्रयास आज तक नही हुआ है और यही कारण है की ड पर से आये दिन दुरघटनाऐ घटित हो रही है और लोगो की जाने जा रही है

# सरकारी एवं प्राइवेट बस स्टैन्ड यथावत रखते हुए पूर्व प्रस्ताव के अनुसार सुधारालय के पीछे कि भूमि का उपयोग कर व्यवस्थित किया जावे - आप

**आम आदमी पार्टी ने कले टर के नाम ज्ञापन सौंपा**



आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दुर्गेश विश्वकर्मा ने बताया की वर्तमान मे सिवनी सरकारी बस स्टैन्ड और प्राइवेट बस स्टैन्ड हेतु प्रस्तावित प्राइवेट बस स्टैन्ड से लगी भूमि जो कि शासकीय सुधारालय के समीप है पर विस्तारित एवं व्यवस्थित करना सुनिश्चित हुआ था। जो कि शहर के व्यावसायिक और उपयोगिता कि दृष्टि से न्यायोचित है। साथ ही इस विस्तार के साथ व्यवस्था को सुनिश्चित करते हुए बस स्टैन्ड से जोड़कर हड्डी गोदाम होते हुए मार्ग सीधे बायपास से जोड़ दिया जाए ताकि जबलपुर नागपूर और छिंदवाडा कि ओर जाने वाले वाहन सीधे बायपास से होकर चले जाए।

उपरोक्त विषयान्तर्गत स्थल पूर्व से शहर के बीच मे है तथा यात्रियों के लिए समस्त सुविधाये जैसे अस्पताल, कले टर कार्यालय, जनपद, बुधवारी बाजार, न्यायालय एवं डाकघर, बैंक आदि उपयुक्त दूरी पर है। जिससे सिवनी जैसे कम आय वर्ग के शहर मे आवागमन आसान होता है अधिकांश लोग जिला मु यालय मे नियमित आते है जिससे उनका खर्च परिवहन मे कम होता है। इसके साथ ही शहर मे मु यालय के मु य बाजार बुधवारी बाजार कि अधिकांश निर्भरता इसी आवागमन पर निर्भर है जो जिला मु यालय कि अर्थव्यवस्था का केंद्र है।

सुरक्षा कि दृष्टि से यह स्थान पूर्णतः उपयुक्त है जिले के अध्यानरत छात्र छात्राएँ आवागमन हेतु बस स्टैन्ड पर निर्भर है जहां से कॉलेज एवं स्कूल कम दूरी पर है जिससे उनके आवागमन पर भी कम खर्च आता है। साथ ही शहर के बीच मे होने से दिन या रात किसी भी समय आवागमन सुगम एवमं आसान होता है। अतः इस पूर्व निर्धारित प्रस्तावित स्थल पर ही रखा विस्तारित किया जाए।

पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग अधिकांशतः माध्यम वर्गीय परिवार ज्यादा करते है अतः बस स्टैन्ड का शहर के मध्य मे होना अत्यंत आवश्यक है। नागपूर, भोपाल जैसे महानगरों मे भी बस स्टैन्ड शहर के मध्य मे स्थित है जहां से लोगों को आने जाने मे सहूलियत होती है। किसी नगर कि संरचना मे बस स्टैन्ड महत्वपूर्ण आवश्यकता है सिवनी जैसे शहर मे जहां आवागमन मु यतः बस परिवहन पर निर्भर है वहाँ इस शहर के किसी भी एक कोने मे लेकर जाना जन सुविधाओं कि दृष्टि से पूर्णतः अनुचित होगा।शहर के हित को ध्यान मे रखते हुए आवश्यक फैसला लिया जाए ताकि व्यापारी, पढ़ने वाले छात्र छात्रा, बीमारी, न्यायालय मे आने वाले लोग, कृषक आदि के हितों कि रक्षा हो सके और नागरिकों कि सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सकते। किसी भी निर्णय के पूर्व व्यापारियों, छात्रों/छात्राओं एवं नागरिकों की राय अवश्य ली जाए। नागरिक आवश्यकताओं को ध्यान मे रखते हुए दोनों बस स्टैन्ड पूर्वत स्थान पर ही रखा जाए वही उसका विस्तारीकरण किया जाए तथा शहर के ट्राफिक व्यवस्था के लिए ट्रैफिक सिग्नल पुनः प्रारंभ किया जावे तथा तथा मु य चौक चौराहे में ट्रैफिक पुलिस की नियमित ड्यूटी लगाई जावे जिससे निश्चित ही ट्रैफिक में सुधार होगा , ज्ञापन सौंपते समय आम आदमी पार्टी के अने क कार्यकर्ता उपस्थित रहे । उक्त प्रेस विज्ञप्ति आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष दुर्गेश विश्वकर्मा द्वारा जारी की गई

## पेसा ए ट की ग्राम सभा मे जमीनी स्तर पर किया गया क्रियान्वयन



छपारा यशोः- पेसा ऐ ट अनुसूचित जनजाति क्षेत्रो में विस्तार के तहत जनपद पंचायत छपारा के ग्राम बिहिरिया ग्राम सभा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे ग्राम विहिरिया मे पानी की सप्लाई को लेकर चल रहे विवाद को पेसा ऐ ट की शांति एवं विवाद निवारण समिति के सदस्यों के द्वारा इस विवाद निराकरण किया गया।

साथ ही पेसा ऐ ट ब्लॉक समन्वयक द्वारा पेसा ऐ ट की 10 समितियों की जानकारी ग्राम सभा मे दी गई. ग्राम सभा में मादक पदार्थ नियंत्रण समिति का गठन किया गया। इस ग्राम सभा में शांति एवं विवाद निवारण के सभी सदस्य, पैसा ऐ ट मोबिलाइजर अनिता सैयाम, पैसा ऐ ट ब्लॉक समन्वयक सोनम उइके एवं सभी ग्रामवासी उपस्थित हुए।

## राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण - ऊर्जा मंत्री तोमर

### ऊर्जा मंत्री तोमर ने ग्वालियर में किया 600 से अधिक शिक्षकों का स मान

भोपाल। शिक्षक और शिष्य के बीच में शिक्षा और ज्ञान का संबंध होता है। हमारे जीवन मे शिक्षा और शिक्षक दोनों ही बहुत जरूरी हैं। आज का दिन शिक्षा का उजियारा फैलाने वाले ऐसे प्रबुद्धजनों को स मानित करने के लिए समर्पित है, जो देश के बच्चों के भविष्य को सँवारने का कार्य कर रहे हैं। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्यु न सिंह तोमर ने यह बात ग्वालियर में शिक्षकों के स मान समारोह में कही। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने शिक्षक दिवस पर 600 से अधिक शिक्षको को प्रमाण-पत्र और शॉल-श्रीफल भेंट कर स मानित किया।

मंत्री श्री तोमर ने कहा कि उपनगर में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। हमारे नौनिहालों को अच्छी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए दो सीएम राइज विद्यालय खोले गए हैं। इन विद्यालयों में प्रतिष्ठित निजी विद्यालयों से भी बेहतर शिक्षा मिल रही है। साथ ही बच्चों को खेल-कूद और शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये जरूरी अन्य सुविधाएँ बच्चों को मुहैया कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा उपनगर ग्वालियर के अंतर्गत शिक्षा नगर में अत्याधुनिक सुविधाओं को ध्यान में रखकर स्मार्ट स्कूल बनाया जा रहा है। साथ ही उपनगर ग्वालियर के पुलिस लाइन, रेशम मिल विद्यालयों का उन्नयन कार्य तेजी से किया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य और शिक्षक उपस्थित रहे।

450 से अधिक आँगनवाडी सुपरवाईजर, कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का भी किया स मान

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने उपनगर ग्वालियर की 450 से अधिक आँगनवाडी सुपरवाईजर, कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को भी शॉल-श्रीफल भेंट कर स मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आँगनवाड़ी के संचालन से जुड़ी महिला कर्मचारियों द्वारा सही मायने में महिला सशक्तिकरण का कार्य किया जा रहा है। आँगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने कोरोना काल की कठिन घड़ी में भी सराहनीय कार्य किया था। उन्होंने कहा आप सबका स मान कर मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ।

## शिक्षक दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक द्वारा स मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन



छपारा यशोः- नगर के कृषि उपज मंडी प्रांगण में मंगलवार 5सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर केवलारी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह द्वारा छपारा नगर के गल्ला मंडी प्रांगण में आयोजित शिक्षक स मान समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं वर्तमान पदस्थ शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का पुष्प वर्षा एवं तिलक वंदन कर प्रतीक चिन्ह भेंट का कर स्वागत स मान किया।

इस दौरान छपारा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाएं इस स मान समारोह कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे जहां पूर्व विधायक और कांग्रेस जनों के द्वारा शाल श्रीफल देकर उनका स मान किया गया।

साथ ही नगर का नाम रोशन करते हुए एमबीबीएस डॉ टर की पढ़ाई के लिए चयनित हुए 6 छात्रों का भी रजनीश सिंह ने स मान किया, नगर के इन छह छात्र-छात्राओं का एमबीबीएस डॉ टरी की पढ़ाई के लिए चयन हुआ है बताया जाता है कि शिक्षक दिवस के इस मौके पर 5 सितंबर को एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए चयनित हुए छात्र-छात्राओं में नगर के कु. दीप्ति नाग पिता संतोष नाग, नंदिनी देशमुख डॉ. धनेंद्र देशमुख, ऋषभ नागेश पिता स्वरूपचंद नागेश, कु. प्रज्ञा पिता स्वरूपचंद नागेश, सत्यम सोनी पिता नारायण सोनी, कु. प्रियंका नागेश पिता द्वारका नागेश, और देवांश सिंह धुर्वे पिता अनूप धुर्वे इन सभी का पूर्व विधायक द्वारा स मान किया गया इस दौरान उनके परिवारजन भी मौजूद रहे छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर छपारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जयकेश पटेल,वरिष्ठ नेता सूरज लाल बंजारा ,जिला कांग्रेस महामंत्री आरिफ़ खान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष गुलाब साहू ,जिला कांग्रेस महामंत्री रमेश चौहान ,जिला कांग्रेस महामंत्री आदित्य सिंह ठाकुर जी,अध्यक्ष जनपद पंचायत छपारा सदम सिंह बरकड़े भाई,वाहिद खान,भरत जैन, ,द्यश्रीचन्द्र अवधिया,श्याम अवधिया,आफ़ाक़ खान ,नितिन जैन ,राघवेंद्र पटेल ,नव अखिलेश सोनी रामेश्वर बंजारा ,सुरजीत ठाकुर,चंद्रशेखर श्रीवात्री , प्रदीप श्रीवास्तव आनंद नारायण तिवारी टोनी ठाकुर अंकित गोलू ठाकुर मिकी परिहार मिंटू ठाकुर जनपदो सदस्य गण एवं समस्त कार्यकर्ता गण की उपस्थिति रही।

# शिक्षक को समझना होगा छात्र कहां खड़े है : अनसुईया

**महावीर वार्ड पार्षद ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया स मान**



सिवनी यशोः- शिक्षा का उद्देश्य पूर्ण रूप से विकसित करने एवं शांतिप्रिय व्यक्तित्व रखने वाले व्यक्तियों का निर्माण करना है जिनका पोषण विश्व और उसके आसपास के समाज के लिए कुछ बड़ी सोच रखने के लिए किया गया है एक बालक को केवल सूचनाओं प्रदान करने की प्रक्रिया के द्वारा नहीं बल्कि समग्र रूप से शिक्षित किया जाना चाहिए कक्षा में बैठने से ही कोई शिक्षित हो रहा है हम ऐसा नहीं मान सकते हमें बच्चों के मन और शरीर के संपूर्ण विकास पर ध्यान देने के साथ-साथ उसमें अपनापन साझा करने और दूसरों की देखभाल करने की भावना प्रेम अहिंसा और शांति जैसे मानवीय मूल्यों को विकसित करने पर भी ध्यान देना होगा। उक्त उदगार नगर की प्रथम बालिका शाला जिला स्कूल महावीर वार्ड में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ शिक्षक जीएस ठाकुर सेवानिवृत्ति ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन प्रकाश नामदेव ने किया सेवानिवृत शिक्षक हेमराज यादव बालचंद जैन सुंदरलाल नामदेव सुंदरलाल सोनी दल नंदनवार एसपी साहू गौरी शंकर सोनी रमेश परते निरंजन सराठे डीपी नामदेव के के गहलोत अशोक नाविक राजीव जैन सुबोध बाजार श्रीमती निर्मला जैन जीएस ठाकुर नरेंद्र कुमार वर्मा अनुसूया पटवा अनिल पटवा मोहन नामदेव एस एल सोनी श्रीमती पाटिल सहित शाला परिवार के प्रधान पाठक स्वराज पतले श्रीमती लक्ष्मी हालदार मुकेश ठाकुर रघुनाथ चौक से शर्मिला कछुआ नवी सुनीता खान शर्मिला ब्रह्वंशी आदि की उपस्थिति में पार्षद अनसुईया पटवा द्वारा सभी शिक्षकों का स मान किया गया इस अवसर पर अनसुईया पटवा ने कहा कि आज शिक्षकों के लिए यह समझना बहुत महत्वपूर्ण है कि छात्र कहां खड़े हैं और उन्हें वहां से अंतिम लक्ष्य तक जाने में प्रत्येक कदम पर मार्गदर्शन की आवश्यकता है ।

इस अवसर पर सभी सेवानिवृत शिक्षकों ने कहा कि हमें खुशी है कि इस बात के पार्षद ने यह अनुपम पहल की है जिसके लिए वह साधु बात के पात्र हैं कार्यक्रम की संयोजन शिवकुमार साहू ने की थी आभार व्यक्त स्वराज पतले द्वारा किया गया।

# कांग्रेस कार्यालय में मनाया शिक्षक दिवस

सिवनी यशोः- भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्म दिवस शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में सेवानिवृत्त शिक्षक छिद्दीलाल श्रीवास द्वारा राधाकृष्णन जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, ताराचंद मिश्रा द्वारा दीपप्रज्जवलित किया गया, उपस्थित कांग्रेस जनों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात शिक्षकों सर्वश्री छिद्दीलाल श्रीवास, ताराचंद मिश्रा, सुनील उपाध्याय, राजकुमार यादव, सीताराम हेडाउ, रमेश परते, शंकरलाल डेहरिया, मदनकुमार से सेना, रमेश प्रसाद अग्रवाल, पतिराम रजक, गौरीशंकर सोनी, नरेन्द्र मिश्रा का सालश्रीफल भेंट कर स मान किया गया।



जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरू शिष्य की पर परा आदिकाल से चली आ रही है श्री राधाकृष्णन जी ने अपने जन्म दिवस को शिक्षको को समर्पित किया, उनके जन्म दिवस के दिन ही देश में शिक्षक दिवस मनाया जाता है, पूर्व में गुरूकुल में जाकर छात्रों को शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती थी, उन छात्रों को अच्छा नागरिक बनाना शिक्षकों का ही काम है एक समय ऐसा भी था जब लोगों के घर चिट्ठी आती थी तो लोग शिक्षकों को ढूंडते थे चिट्ठी पढ़ाते थे, ताराचंद मिश्रा जी ने संस्कृत भाषा में शिक्षा की महत्तता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में असलम खान, विष्णु करोसिया, अशोक चैबे, विजय नाहटा, डालचंद बर्वे, भीष्मप्रताप सिंह अप्पू ठाकुर, राजिक अकील, योगेन्द्र सोनी, राजेश मानाठाकुर, राजमोहन सिंह बघेल, हरि जायसवाल, रामनाथ राय, ऐश्वर्य सुमित मिश्रा, विद्याधर बाबा तिवारी, अजय मिश्रा, आशीष गोलू शर्मा, विवेक राय, नन्दू यादव, तुलाराम रजक, धनंजय सिंह, नब्बू भाई, शक्ति जाड़ेजा, साजिद खान, जयप्रकाश सिंह परिहार, पंकज सोनी, राजेश खरे, रंजीत परिहार, विनोद नाग सतेन्द्र बघेल उपस्थित रहें

# कांग्रेस वन के संरक्षण और संवर्धन के प्रति सचेत - खुराना, वन अधिकार यात्रा का जिले में प्रवेश

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश वन एवं पर्यावरण कांग्रेस की प्रदेश के पूर्व मु यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ जी के निर्देश पर 5 सित बर 2023 से 19 सित बर 2023 तक प्रदेश के वन एवं वनवासी बाहुल्य 18 जिलों में वन अधिकार जागरण यात्रा का जिले के अध्यक्ष राजकुमार खुराना जो इस यात्रा के जिले के सयोजक है अपने पदाधिकारियों के साथ सिवनी के प्रवेश द्वार पर इस यात्रा का स्वागत किया गया, यात्रा प्रवेश द्वार से होकर पूज्य रानीदुर्गावती जी की प्रतिमा स्थल पंहुचकर माल्यार्पण कर कचहरी चौक सभा स्थल पंहुची जहॉ जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने वन अधिकार यात्रा का नेतृत्व कर रहें म.प्र.कांग्रेस वन एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एस.पी.एस.तिवारी, वृक्ष मित्र रविन्द्र सिंह कुशवाहा, संगठन महासचिव वन एव पर्यावरण प्रकोष्ठ म.प्र. एवं यात्रा के संयोजक एड. आसिफ इकबाल का सालश्रीफल से स्वागत किया गया। सभा को स बोधित करते हुये जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने कहा कि कांग्रेस सरकार में सभी योजनाऍ हितग्राही मूलक एवं वनों के संरक्षण, संवर्धन एवं विकासशील बनाई गई थी, श्री खुराना ने कहा कि कमलनाथ 1991 में भारत सरकार में वन एवं पर्यावरण स्वतंत्र प्रभार के मंत्री बनने के बाद उन्होंने संयुक्त वनप्रबंधन की अवधारणा एवं पर्यावरण वाहिनी की स्थापना कर देश के वनों को जन भागीदारी से वनों को बचाने का कानून बनाया। इसी तरह जिले के कांग्रेस नेता प्रदेश में कांग्रेस सरकार के त्रिविभागीय मंत्री रहें स्व. हरवंशसिंह जी के कार्यकाल में वन समितियों का गठन कर सुरक्षा हेतु बडी राशि वन समितियों के खाते में आ रही थी, किन्तु 2014 में देश में भाजपा की सरकार बनते ही इन योजनाओं की सुरक्षा राशि वन समितियों को देना बंद कर दी गयी गई, श्री खुराना ने आगे बताया कि 2017 में शिवराज सिंह चैहान ने एक दिन में 7 करोड़ पौधा लगाने का अभियान चलाया था और सिवनी जिले के ही सिवनी वृत में लगभग 50 लाख पौधे पवित्र मॉ नर्मदा के किनारे लगाये जाने का ढ़िढोरा पीटा गया था किन्तु इन 7 वर्षो में आधे पौधे भी वृक्ष नही बन पाये जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गये, प्रकोष्ठ के महासचिव वृक्ष मित्र रविन्द्रसिंह कुशवाहा ने अपने मिट्टी, रासायनिक खाद, सीमेंट के ख बे, चैनलिंक फेंसिंग पर खर्च की



श्री खुराना ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही वन संरक्षण में भाजपा सरकार द्वारा किये गये भ्रष्टाचार की जांच कराई जायेंगी। भाजपा शासन काल में सरकार के संरक्षण में प्रदेश में आदिवासियों पर गोली चालन के प्रकरण बढ़े है सिवनी में भी विगत वर्ष एक आदिवासी की गोली चालन से मृत्यु हुई।

म.प्र.कांग्रेस वन एवं पर्यावरण स बोधन में बताया कि प्रदेश में वनों की कटाई समितियों को सुरक्षा राशि ना मिलने से भारतीय जनता पार्टी के लकड़ी माफियॉ मालामाल हो रहें है। प्रदेश में वन क्षेत्रपाल, उपवन क्षेत्रपाल, वनपाल, वनरक्षक, भयआतुर होकर वनों की सुरक्षा नहीं कर पा रहें है` योकि जनता का सहयोग उन्हें नही मिल पा रहा है। वनों में किये जाने वाले विकास कार्यो की 70 प्रतिशत राशि सामग्री खरीदी जा रही है, वनो के आस पास कार्य करने वाले मजदूरों को 371 रू. की जगह पर मजदूरो का शोषण कर 200 से 300 रू. के मध्य मजदूरी का भुगतान किया जा रहा है।

यात्रा के संयोजक एड. आसिफ इकबाल ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में वन विभाग में लकड़ी कटाई एवं लकड़ी के भुगतान में आ रही किसानों की परेशानी की कानूनी जानकारी दी एवं बताया कि देश को आजाद हुए 75 वर्ष हो गये किन्तु राज्य में आदिवासी भाईये के खेतो में लगी लकडी को काटने की अनुमति प्रदेश के कोई कले टर नही कर रहें है श्री खान ने बताया कि माननीय कमलनाथ जी की सरकार आने पर चूंकि यह कानून आदिवासी वृक्ष हित संरक्षण अधिनियम 1999 मूलतः आदिवासी मंत्रालय का कानून है अतः इसमें माननीय कमलनाथ जी से आग्रह कर कर कानून में संशोधन कराकर कले टर शब्द को विलोपित कराकर डीएफओं शब्द जुडवाया जायेगा जिससे कि आसानी से आदिवासी भाईयों को लकडी कटाई की अनुमति प्राप्त हो सकें। कांग्रेस सरकार द्वारा जो भी जनहितैषी कानून बनाये गये थे उन्हे वर्तमान में भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। प्रदेश में माननीय कमलनाथ जी के नेतृत्व में अगली सरकार पूर्ण बहुमत की बनने जा रही है सिवनी वासियों से इस वन अधिकार यात्रा के माध्यम से मेरा अनुरोध है कि जिले के लोक प्रिय कांग्रेस अध्यक्ष श्री खुराना जी ने मुझे जो वन पर्यावरण कांग्रेस का अध्यक्ष बनाकर जो दायित्व सौंपा है जिसके उपरांत मुझे माननीय कमलनाथ जी ने वन अधिकार यात्रा का मुझ पर भरोसा जताते हुये संयोजक नियुक्त किया है अतः मैं अपना सर्वाधिक प्रयास करके उक्त यात्रा के माध्यम से कमलनाथ जी के संदेश को जन जन तक पंहुचाने का प्रयास कर रहा हूॅ।

म.प्र.कांग्रेस वन एव पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.एस.पी. एस.तिवारी भारतीय वन सेवा के सेवानिवृत्त मु य वन संरक्षक द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि विगत 20 वर्षो से प्रदेश के मु यमंत्री आम जनता के साथ झूठी घोषणाऍ एवं घोटाले कर प्रदेश को घोटालेबाज प्रदेश बना दिया है। वनों में चल रही हितग्राहि मूलक योजनाओं के अंतर्गत भवन तो बने लेकिन आज उनमें ताले पड़े है जैसे अपनी दुकान, बंधन विकास केन्द्र, बॉससुविधा केन्द्र एवं अनेको गोदामो का निर्माण तो कराया लेकिन प्रदेश की 32 लघुवनोउपज के समर्थन मूल्य की दरे तो निर्धारित है लेकिन प्रदेश में भाजपा नेताओं के संरक्षण में वनमाफियाओं एवं बिचोलियों द्वारा तो खरीदी की जा रही है लेकिन विभाग द्वारा वन उपज का समर्थन मूल्य पर खरीदी नही की जाती है। तेंदूपत्ते के बोनस वितरण में बाटी गई जूते, चप्पल, साडी, एवं पानी की बाटल में 240 करोड़ की खरीदी की गई है जिसमें अनावश्यक जनता के पैसो का दुरूपयोग किया जा रहा है। कांग्रेस सरकार बनते ही इन भ्रष्टाचारियों पर स त कार्यवाही की जायेगी। कार्यक्रम में वन प्रकोष्ठ से यमुना प्रसाद तिवारी रीवा, राजेन्द्र शु ला, विवेकानंद तिवारी रीवा, कार्यकारी अध्यक्ष सेवकराम चन्द्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ब्रजेशसिंह लल्लू बघेल, मोहनसिंह चंदेल, चुनाव अभियान समिति अध्यक्ष विधाधर बाबा तिवारी, विष्णु करोसिया, अनीस खान, अ तर पटेल, राजिक अकील, राजेश मानाठाकुर, गेंदलाल भलावी, मोहनसिंह ठाकुर, निर्मल निखारे, सुमित मिश्रा, सलाम कुरैशी, पंचमसिंह अडमाचे, प्रदीप बिसेन, इमरान अंसारी, विपिन सिंह कुरई सहित सभा में बडी सं या में जिला कांग्रेस, वन एवं पर्यावरण कांग्रेस प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ता व आम जन की उपस्थिति रही।

## रिक्त पदों की भर्ती के संबंध में प्राप्त दावा-आपत्ति का किया गया निराकरण

सिवनी यशोः- जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि विभाग अंतर्गत आंनगवाडी कार्यकर्ता /सहायिका /मिनी कार्यकर्ता के रिक्त पदों की भर्ती के संबंध में कुल 42 आंगनवाड़ी केन्द्रों से दावा-आपत्ति प्राप्त हुई है। इनमें से 10 प्रकरणों की सुनवाई विगत 08 अगस्त 23 को मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जिला सिवनी के सभाकक्ष में शासन स्तर से गठित जिलास्तरीय दावा-आपत्ति निराकरण समीति द्वारा किया जा चुका है।

इसी क्रम में मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी के निर्देशानुसार विकासखण्ड घंसौर अंतर्गत 32 आंगनवाडी केंद्रों में रिक्त पदों हेतु प्राप्त आवेदनों के विरूद्ध परियोजना कार्यालय में प्राप्त 150 दावा-आपत्तियों का निराकरण 05 सित बर 23 को घंसौर मु यालय में दावा आपत्ति निराकरण समीति के अध्यक्ष मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी, सचिव जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास जिला सिवनी एवं सदस्य बाल विकास परियोजना अधिकारी घंसौर की उपस्थिति में आपत्तिकर्ताओं की सुनवाई कर निराकरण किया गया।

## दीदियों ने मु यमंत्री को बांधी गोंडी चित्रकला वाली राखी

मंडला यशोः- जिला प्रशासन के प्रयासों से ज़िले की गोंडी चित्रकला को कई उत्पादों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे समूह की महिलाओं कि आय में वृद्धि हो रही है तथा ज़िले की गोंडी चित्रकला को देश में नई पहचान भी मिल रही है। इसी दिशा में स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा गोंडी पेंटिंग वाली आकर्षक राखियों का निर्माण किया गया। रक्षाबंधन के अवसर पर समूह की दीदी द्वारा मु यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को राखी बांधते हुए उन्हें एक राखी हैंपर भेंट किया गया। श्री चौहान ने दीदियों द्वारा बनाई गई मनमोहक राखियों एवं हैंपर को अनुकरणीय पहल बताते



हुए इसे सतत प्रोत्साहित करने की बात कही।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार रक्षाबंधन के त्यौहार पर ज़िले में इंद्री संकुल, वि.ख. नैनपुर में गोंडी चित्रकारी का काम कर रही 20 स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा राखी हैंपर तैयार किया गया, जिसका ऑनलाइन एवं ऑफ्लाइन के माध्यम से विक्रय किया गया। इस हैंपर को ग्राहकों द्वारा बहुत पसंद किया गया। इस अवसर पर सीएम फेलो सुप्रिया पाठक सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## जिलास्तरीय रोजगार मेला 12 सित बर को स्मृति लॉन में

सिवनी यशोः- जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय सिवनी के संयु ?त तत्वाधान में मंगलवार 12 सित ?बर 23 को स्?थानीय स्?मृति लॉन बाहुबली चौक सिवनी में जिलास्तरीय रोजगार मेलें का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में देश एवं प्रदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनी के नियोजको द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एँ सकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

जिले के 18 वर्ष से 35 वर्ष आयु सीमा के इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियां जो कक्षा 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई और स्नातक तक उत्तीर्ण हैं। अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, 2 पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर मेले में उपस्थित हो लाभ ले सकते हैं। इस हेतु मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

### जिला स्तरीय शिक्षक स मान समारोह का आयोजन किया गया

मंडला यशोः- जिला स्तरीय शिक्षक स मान जिला स्तरीय शिक्षक स मान 2023 में सभागार मण्डला 2023 डाइट में आयोजित किया गया। जिसमे नंदनी यादव प्राचार्य शा.क. हाईस्कूल मोहगांव को शैक्षणिक कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने के ये लिए जिला स्तरीय शिक्षक स मान में स मानित किया गया जिला स्तरीय कार्यक्रम में सहायक संचालक मसराम, सिंद्राम, डाइट प्राचार्य महोदय जी डाइट व्याळ्याता जयसवाल , नामदेव मेडम , बी . ई . ओ वरिष्ठ शिक्षक, सभी वि. खण्ड के . शिक्षक - शिक्षिकाएँ,डी. ई. मंच संचालन अखिलेख द्वारा किया गया।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान में मनाया गया शिक्षक दिवस

**आदर्श शिक्षक वह है जो अपने आचरण से शिक्षा दे**



सिवनी यशोः-वर्तमान परिदृश्य में शिक्षकों के समक्ष चुनौतियां एवं शिक्षकों की भूमिका विषय पर बहुत ही गहराई से चिंतन किया गया ,कार्यक्रम के मु य अतिथि डॉ टर के के चतुर्वेदी जी ने अपने वक्तव्य में कहा ,कि वर्तमान समय सबसे बड़ी चुनौती है, पाठ्यक्रम का बार-बार परिवर्तन होना इसकी वजह से शिक्षकों को पढ़ाने में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है ,और साथ-साथ शिक्षक एवं बच्चों में नशे की लत बढ़ती जा रही है, यह भी एक बहुत बड़ी चुनौती है, आज बच्चे खान-पान में ध्यान नहीं दे पा रहे हैं ,और इसकी वजह से पढ़ाई पर प्रभाव पड़ रहा है ,शिक्षक और विद्यार्थी के जीवन में आने वाली अनेक चुनौतियों के बारे मैं बात करने के बाद ,डॉ टर चतुर्वेदी जी ने कहा ,कि अब शिक्षक और विद्यार्थी को आंतरिक रूप से सशक्त होना होगा इसके लिए आध्यात्मिकता को हमें हर हाल में अपनाना होगा ,जब हम आंतरिक रूप से सशक्त हो जाएंगे तो बाहर से आने वाली चुनौतियों का सामना सहज कर पाएंगे ,और इसके लिए मेडिटेशन करना बहुत-बहुत जरूरी है ,उन्होंने अपने कॉलेज एवं स्कूल में मेडिटेशन का कोर्स करने के लिए ब्रह्मकुमारी बहनों को निमंत्रण दिया, कार्यक्रम की आयोजिका ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज शिक्षक एवं विद्यार्थी चुनौती पूर्ण दूर से गुजर रहे हैं ऐसे समय में स्वाध्याय की आवश्यकता है , यानी स्वयं का अध्ययन -में कौन हू? मेरे अंदर कौन-कौन सी शक्तियां और गुण समाहित है? इन सभी बातों को जानना बेहद जरूरी है, हम सभी आत्माएं सर्वशक्तिमान परमात्मा की संतान है, हमारे अंदर अनंत शक्तियां हैं, लेकिन आज हम इन सबको भूल हुई हैं ,तो आवश्यकता है, स्वयं को पहचान और जानने की इसी बात को आगे बढ़ते हुए ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ने कहा की राष्ट के निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका है, आदर्श शिक्षक वह है ,जो अपने आचरण से शिक्षा दे उन्होंने कहा डॉ टर राधाकृष्णन हमेशा कहते थे विद्यालयों का मु य काम डिग्री वह डिप्लोमा बांटना नहीं है ,बल्कि छात्रों में एडवांस्ड लर्निंग की भावना पैदा करना है, छात्रों को जीवन में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करना है ,उन्होंने कहा कि अब्दुल कलाम जी हमेशा कहा करते थे, *विज्ञान अध्यात्म के बिना अंधा है ,और अध्यात्म विज्ञान के बिना लंगड़ा है* दीदी ने आइंस्टीन का उदाहरण देते हुए बताया की आइस्टीन ने अंतिम समय पर कहा - न जाने मैंने कितने वैज्ञानिक तथ्यों की खोज की पर मैं उसे तत्व को नहीं खोज पाया जो इन सब वैज्ञानिक तथ्यों का खोज करता था उसआविष्कारक को ही नहीं खोज पाया और आज मैं जीवन के इस अंतिम पड़ाव पर खाली ही जा रहा हूं ,अगले जन्म में मैं आत्मदर्शी आत्मनिर्वेशक संत बनू यह मेरी इच्छा है , मुझे अंतिम समय में इस बात पर खेद है और रहेगा की वैज्ञानिक होते हुए भी मैं या-` या खोजने में लग रहा लेकिन स्वयं की खोज की तरफ मेरा ध्यान` यों नहीं गया अतः दीदी ने कहा भौतिक जगत के ज्ञान के साथ-साथ हम अपने आंतरिक जगत को भी खोजने का प्रयास करें, आंतरिक अन्वेषक जरूर बने।

## मंत्री बिसेन ने लालबर्रा क्षेत्र की नहरों की सफाई को लेकर अधिकारियों की ली बैठक

**मध्यप्रदेश शासन के नर्मदा घाटी विकास मंत्री श्री गौरीशंकर बिसेन ने आज 05 सित बर को सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर लालबर्रा क्षेत्र की नहरों की सफाई को लेकर चर्चा की और उन्हें नहरों के सुधार एवं सफाई के लिए निर्देश दिये।**



बालाघाट। मंत्री बिसेन ने लालबर्रा क्षेत्र की नहरोंकी सफाई को लेकर अधिकारियों की ली बैठक मध्यप्रदेश शासन के नर्मदा घाटी विकास मंत्री श्री गौरीशंकर बिसेन ने आज 05 सित बर को सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर लालबर्रा क्षेत्र की नहरों की सफाई को लेकर चर्चा की और उन्?हें नहरों के सुधार एवं सफाई के लिए निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मु य कार्यपालन अधिकारी श्री डी एस रणदा, अपर कले टर श्री ओमप्रकाश सनोडिया, अधीक्षण यंत्री श्री युवराज वारके एवं सिंचाई विभाग वैनगंगा संभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।विगत कई दिनों से शिकायत प्राप्त हो रही थी कि लालबर्रा विकासखंड के नहरों में सफ़ाई की समस्या व्याप्त हो गई है जिसके निराकरण के लिए मंत्री श्री बिसेन ने आज अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने मंत्री जलसंसाधन विभाग श्री तुलसीराम सिलावट एवं राज्यमंत्री जल संसाधन विभाग श्री रामकिशोर नानों कावरे से दूरभाष के माध्यम से चर्चा की और लालबर्रा विकासखंड की सिंचाई नहरों की सफाई के लिए त्वरित कार्यवाही करने कहा। मंत्री श्री बिसेन ने इस दौरान अधिकारियों से कहा कि वे मनरेगा से नहरों की सफाई के लिए प्रो कलन तैयार करें। बैठक में तय किया गया कि नहरों की सफ़ाई का कार्य मनरेगा से करवाया जायेगा जिसके लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री को भी लिखा जाएगा कि नहरों की सफ़ाई व सौंदर्यीकरण के कार्यों को मनरेगा से करवाया जाये।

# जनसुनवाई में सुनी गई आवेदकों की समस्या जनसुनवाई में आये 30 आवेदन

बालाघाट। 05 सित बर मंगलवार को कले ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत के मु य कार्यपालन अधिकारी श्री डी.एस.रणदा, अपर कले टर श्री ओमप्रकाश सनोडिया, संयु त कले टर के.एस.ठाकुर, एस.डी.एम गोपाल कुमार सोनी ने अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ अपनी समस्या लेकर आये आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। आज 05 सित बर 2023 की जनसुनवाई में 30 आवेदक अपनी समस्यायें लेकर आये थे। जनसुनवाई में वार्ड न.03 प्रिंस नगर बालाघाट के नागरिक शिकायत लेकर आये थे कि प्रिंस कालोनी मे कालोनाइजर राजकुमार खण्डेलवाल द्वारा वर्ष 1994 में प्लाटिंग की गई थी कि जिसमें कालोनाइजर ने पे की, नाली सड़क, बिजली की व्यवस्था, कालोनी में गार्डन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिये खुला स्थान छोड़ा गया था। लेकिन कालोनाइजर द्वारा अब तक अपने वादों को पूरा नही किया गया है। उसके द्वारा कालोनी के खुले स्थान के 04 प्लाट को अपने पुत्र एवं पुत्री के नाम कर दिया गया है और वह इन प्लाटों को बेचकर बालाघाट से भागने की तैयारी में है। अत~ कालोनाइजर राजकुमार खण्डेलवाल के इन 04 प्लाटों की रजिस्ट्री पर रोक लगाई जाये और गार्डन व सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिये खुला स्थान सुरक्षित रखा जाये। जनसुनवाई में सुरेन्द्र कटरे, सुनीता तुरकर,



मोतनबाई चौधरी एवं प्रदीप तिवारी शिकायत लेकर आये थे कि हिमाचल नगर, रामपायली रोड वारासिवनी निवासी लेखेन्द्र चौधरी, शुभम चौधरी एवं रितेश चौधरी शासकीय भूमि खसरा न.476 पर अवैध रूप से कब्जा कर पे का मकान बनाकर रह रहे है और उनके द्वारा हमारे भू-खण्डो पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। अत~ हमारे हक के भू-खण्ड से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाये। खैरलांजी तहसील के ग्राम घोटी की सीमा पंचेश्वर 02 बच्चों के बाद कराये गए नसबंदी आपरेशन के फैल हो जाने पर मुआवजा दिलाये जाने की मांग लेकर आयी थी। सीमा का कहना था कि उसके 02 पुत्रों के बाद उसने 17 फरवरी 2022 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैरलांजी में अपना नसबंदी आपरेशन कराया था। नसबंदी आपरेशन डॉ.गीता बारमाटे द्वारा किया गया था। लेकिन यह आपरेशन फैल हो गया और 12 मार्च 2023 को उसने तीसरे बच्चे को जन्म दिया है। उसका परिवार बहुत गरीब होने के कारण 03 बच्चों का पालन पोषण करने में सक्षम नही है अत~ उसे नसबंदी आपरेशन फैल होने के बदले में 05 लाख रुपये की मुआवजा राशि दी जाये। वार्ड न.05 कटंगी की संध्या पटले पिता की मृत्यु के बाद अनुक पा नियुक्ति देने की मांग लेकर आयी थी। संध्या का कहना था कि उसके पिता धरमचंद पटले शासकीय प्राथमिक शाला कोसु बा में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। 13 जुलाई 2015 को उनकी मृत्यु हो गई है। पिता की मृत्यु के बाद बड़े भाई शिवशंकर पटले द्वारा अनुक पा नियुक्ति का आवेदन दिया गया था लेकिन शैक्षणिक योग्यता पूर्ण नही होने के कारण उनका आवेदन निरस्त कर दिया गया था। वर्तमान समय में संध्या पटले द्वारा सभी शैक्षणिक योग्यताएं हासिल कर ली गई है अत~ उसे पिता के स्थान पर अनुक पा नियुक्ति प्रदान की जाये। लांजी तहसील के ग्राम थानेगांव निवासी देवेश वाकड़े अपने पिता की मृत्यु के बाद अनुक पा नियुक्ति दिये जाने की मांग लेकर आये थे। देवेश के पिता शासकीय प्राथमिक शाला कुगांव में प्राथमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ थे और 25 मई 2022 को उनका निधन हो गया है। अत~ उसे शीघ्र अनुक पा नियुक्ति प्रदान की जाये। जनसुनवाई में बैहर तहसील के ग्राम सारद के ग्रामीण ब हनी से शेरटोला सारद होते हुये लूद तक पे की सड़क बनाने की मांग लेकर आये थे। ग्रामीणों का कहना था कि आवागमन के लिये सड़क नही होने के कारण उन्?हें भारी दि ?कतों का सामना करना पड़ रहा है और स्?कूल के बच्चों को भी परेशानी हो रही है। गर्रा निवासी सलीम शाह शिकायत लेकर आये थे कि मनरेगा के अंतर्गत ग्राम बटुवा से खैरगांव पहुंच मार्ग निर्माण में भारी अनियमितता की गई है अत~ इसकी जांच कर सरपंच, सचिव एवं स बंधित उपयंत्री पर कड़ी कार्यवाही की जाये। कटंगी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत परसवाड़ाघाट के पंच शिकायत लेकर आये थे कि पंचायत के सरपंच सचिव द्वारा अपनी मनमर्जी से काम कराये जाते है और पंचो को इसकी जानकारी नही दी जाती है। सरपंच सचिव द्वारा पंचायत के कार्यो में भारी गड़बड़ी की जा रही है अत~ इन कार्यो की जांच कर सरपंच सचिव के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाये।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297